श्री मनोहर प्रसाद सिंह, माननीय स०वि०स० से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं०-18/2/59 का उतर प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर प्रतिवेदन
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत धुरियाही पंचायत में मरगाहा, बुढ़िया टीकर, धुरियाही, अमदबाद प्रखण्ड अन्तर्गत चौकिया पहाड़पुर पंचायत में बबलाबन्ना, बदन टोला, चौकिया पहाड़पुर, सबदर टोला, दीनाराम टोला, भगवान टोला, तथा लखनपुर पंचायत में लखनपुर, बेलगच्छी, यदवापाड़ा, डकरा, नगर पंचायत अमदाबाद में मायामारी में कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थानों पर कटाव निरोधी कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?	वस्तुस्थिति यह है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अंतर्गत धुरियाही पंचायत के मरगाहा एवं बुढ़िया-टिकर ग्राम तथा अमदाबाद प्रखंड अंतर्गत चौकिया पहाड़पुर पंचायत के बबला बन्ना, बदन टोला, सबदर टोला, चौकिया पहाड़पुर, दीनाराम टोला, भगवान टोला ग्राम गंगा नदी के बायें तट पर अवस्थित है जबकि अमदबाद प्रखंड अंतर्गत लखनपुर पंचायत के लखनपुर, बेलगच्छी, डकरा, यदवापाड़ा एवं अमदाबाद नगर पंचायत के मायामारी महानंदा नदी के तट पर अवस्थित है। बाढ़ अवधि 2025 के दौरान प्रश्नगत ग्राम मरगाहा, बुढ़िया टिक्कर, बबला बन्ना, लखनपुर, बेलगच्छी एवं डकरा के समीप कटाव होने पर बाढ़ संघर्षात्मक कार्य करा कर कटाव को नियंत्रित किया गया। इसके अतिरिक्त ग्राम मरगाहा, बबला बन्ना, बेलगच्छी एवं डकरा के सुरक्षार्थ बाढ़ 2026 पूर्व कटाव निरोधक कार्य का प्रस्ताव आपदा प्रबंधन विभाग को समर्पित है। स्वीकृति प्राप्त होने पर कार्यान्वयन कराया जा सकेगा। प्रश्नगत सबदर टोला, बदन टोला, दीनाराम टोला, भगवान टोला, चौकिया पहाड़पुर, लखनपुर, यदवापाड़ा, मायामारी एवं बुढ़िया टिक्कर के समीप नदी तट से बसावट की औसतन दूरी 75 मीटर से 1395 मीटर के बीच है। वर्त्तमान में कटाव से आबादी प्रभावित नहीं है एवं स्थल सुरक्षित है । बाढ़ 2026 के दौरान प्रश्नगत स्थलों पर कटाव होने पर बाढ़ संघर्षात्मक कार्य करा कर स्थल को सुरक्षित रखा जायेगा।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25/वि0स0प्र0(क0)–05–05/2026– पटना, दिनांक–
प्रतिलिपि– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के लिये प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–18/2/59 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0प्र0(क0)–05–05/2026– पटना, दिनांक–
प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0प्र0(क0)–05–05/2026– पटना, दिनांक–
प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0प्र0(क0)–05–05/2026– 1239 पटना, दिनांक– 17/03/2026
प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

16.03.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
16.03.26

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo